पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———

राजभवन में कल 13 जून 2023 को 'उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सम्मान' समारोह का होगा आयोजन

———

राज्यपाल 18 कलाकरों को करेंगी सम्मानित

———

कार्यक्रम में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के मध्य होगा एम0ओ0यू0

लखनऊः 12 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल कल दिनांक 13 जून, 2023 को राजभवन में आयोजित 'उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सम्मान समारोह–2023' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहेंगी। राज्यपाल जी समारोह में 18 चयनित कलाकारों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगी। समारोह में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश के मध्य एक एम0ओ0यू0 भी हस्ताक्षरित होगा।

उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के कलाकारों द्वारा लोकनृत्यों की प्रस्तुति की जायेगी।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361